अमर उजाला 24/02/2026

कॉलेज में यूनियन बजट पर किया मंथन

प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। कॉलेज

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में यंग स्पीकर्स क्लब की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता यूनियन बजट प्रभावी नीति निर्माण विषय पर आधारित रही। इसमें संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने राजकोषीय नीति, कृषि प्रावधान, आयकर स्लैब और ऑरेंज अर्थव्यवस्था जैसे जटिल विषयों पर तार्किक व तथ्यपूर्ण विचार रखे। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों की बौद्धिक परिपक्वता की सराहना करते हुए कहा कि बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राष्ट्र की विकास यात्रा का दस्तावेज है। दूसरी ओर कॉलेज की लैंग्वेज लैब की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए सस्टेनेबिलिटी फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। संवाद